सुविचार

संघर्षों की धूप में जो जलते, वह बुझ भी जाएं अगर तो भी रोशनी करते..!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करें -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-52 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 2 फरवरी 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## महिला का अबॉर्शन करना कब अपराध होगा कब नहीं जानिए /IPC,BNS... I

सहमति से किया गया कार्य अपराध की श्रेणी में नहीं आता है यह बात हमने आपने पिछले लेख में बताई थी, लेकिन कार्य ऐसा होना चाहिए जिसमें किसी व्यक्ति को हानि नहीं हो, लेकिन किसी सहमति से किया गया कार्य अपराध भी हो सकता है जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 91 एवं भारतीय न्याय संहिता,2023 की धारा 29 की परिभाषा:** अगर किसी व्यक्ति की सहमति से किया गया ऐसा कोई कार्य अपराध होगा, जो पहले से ही अपराध की श्रेणी में आता होगा। अगर उस कार्य से व्यक्ति का जीवन बच रहा है तब वह अपराध नहीं होगा।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### उधारानुसार समझते हैं-

अगर कोई स्त्री डॉक्टर को यह सहमति देती है कि उसके पेठ में पल रहे बच्चे का उसे गर्भपात( अबॉर्शन) करवाना है, डॉक्टर द्वारा महिला की स्वीकृति पर उसका गर्भपात कर दिया जाता है तब डॉक्टर का कार्य अपराध की श्रेणी में आएगा।

लेकिन अगर डॉक्टर को किसी महिला के ऑपरेशन करते समय लगता है कि महिला को बचाने के लिए शिशु की हत्या करना आवश्यक है तब महिला द्वारा या संरक्षक द्वारा दी गई स्वीकृति मान्य होगी और तब यह अपराध क्षमा योग्य होगा।

## धमकी में किया गया अपराध कब क्षमा योग्य होता है जानिए/IPC,BNS... I

बहुत से खुखार व्यक्ति धमकी, भय के कारण किसी व्यक्ति से अपराध करवा लेते हैं,व्यक्ति मौत के डर या अन्य किसी भी डर के कारण ऐसे कार्य को अंजाम दे देता है जो विधि के अनुकूल था,डर, भय, धमकी में किया गया अपराध कब क्षमा योग्य होगा जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 94 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 32 की परिभाषा-** किसी व्यक्ति द्वारा किसी अन्य निर्दोष व्यक्ति को भय, धमकी आदि देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध कोई में अपराध करवाया जाता है तब भय दर गया अपराध IPC की धारा 94 एवं BNS की धारा 32 के अंतर्गत क्षमा योग्य होगा।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**महत्वपूर्ण निर्णय-** बच्चन लाल बनाम राज्य एवं उमा दासी बनाम सम्राट मामले मे उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी को मृत्यु का डर दिखाकर विवश करके कोई अपराध करवा लेता है वह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 94 के अंतर्गत क्षमा योग्य होगा। सोनू बनाम सम्राट मामले मे न्यायालय द्वारा कहा गया की मृत्यु का भय तत्काल प्रभावी होगा, अगर आरोपी संरक्षण में यह बोलता है की एक दिन पहले मुझे मृत्यु का भय या धमकी दी थी तब यह IPC की धारा 94 के अंतर्गत बचाव नहीं होगा। इसी प्रकार बर्क बनाम क्लार्कसन मामले मे कहा गया कि अगर मृत्यु का भय दिखाकर किसी व्यक्ति की हत्या करने के लिए विवश किया गया है तब वह भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत बचाव नहीं होगा।

# महात्मा गांधी की राम राज्य की परिकल्पना सुशासन का प्रतीक है : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### रविन्द्र भवन परिसर में आयोजित पांच दिवसीय लोकरंग कार्यक्रम का समापन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने राम राज्य की परिकल्पना की थी। गांधी जी की यह परिकल्पना आज सुशासन का प्रतीक है। गांधी जी ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता हासिल की। उन्होंने अंग्रेजों से देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई थी। महात्मा गांधी जी की कार्यशैली और उनके प्रयोग अद्भुत थे। ऐसे महापुरूष को उनकी पुण्यतिथि पर हृदय से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविन्द्र भवन परिसर में लोकरंग कार्यक्रम के समापन अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित ÷पीर पराई जाणें रे÷ भक्ति संध्या को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला सहित कला प्रेमी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महात्मा गांधी जी के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अपनी आत्मकथा में स्वयं से संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से भगवान श्रीकृष्ण का पांच हजार साल पुराना काल याद आ जाता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज लोकरंग के समापन अवसर पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि भक्ति संध्या के रूप में मनाई जा रही है। लोकरंग का पांच दिवस तक बहुत अच्छा आयोजन हुआ। इसके लिए मैं आयोजकों को हृदय से बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों की नितांत आवश्यकता है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्वाधीनता संग्राम के इतिहास पर केन्द्रित छह पुस्तकों का विमोचन किया।

## केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी का भोपाल में स्वागत



**भोपाल।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के मंगलवार को मंगलवार को भोपाल आगमन पर स्टेट हैंगर पर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही अनेक जनप्रतिनिधियों ने उनका पुष्प गुच्छों और फूल मालाओं से स्वागत किया। भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा मौजूद रहे। लालपरेड ग्राउंड में सड़क परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी भोपाल से वापसी यात्रा पर विमान द्वारा रवाना हुए। स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी को विदाई दी।

## मंत्री श्री वर्मा ने किया मुद्रणालय का निरीक्षण

### कार्य प्रणाली में हुए सुधार की सराहना

**भोपाल।** शासकीय मुद्रणालय की कार्यप्रणाली में हुए सुधार पर राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने अधिकारी/कर्मचारियों की सराहना की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा मंगलवार को शासकीय मुद्रणालय का निरीक्षण कर रहे थे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने शासकीय मुद्रणालय में प्रिटिंग प्रोसेस का निरीक्षण किया।



उन्होंने प्रिटिंग के लिये खरीदी गई आधुनिक नई मशीनो से प्रिटिंग में आई तेजी की प्रशंसा की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि शासकीय मुद्रणालय पहले घाटे में था वर्तमान में अग्रिम भुगतान प्राप्त होने पर मुद्रण किए जाने से अब यह घाटे से उबर चुका है। मुद्रणालय में सभी प्रकार की शासकीय प्रकाशन सामग्री का मुद्रण किया जाता है। पहले शासकीय मुद्रणालय बाहर के निजी प्रिंटर से मुद्रण का कार्य करवाता था। अब ऐसा नहीं होता। वर्ष 2024 के शासकीय कैलेंडरों एवं नोटबुक का मुद्रण लगभग 2 दशक उपरांत शासकीय मुद्रणालय में किया जा रहा है। अब 100 प्रतिशत मुद्रण कार्य शासकीय मुद्रणालय में किया जा रहा है।

# वन विहार में नेचर कैम्प का आयोजन

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चूनाभट्टी के बच्चें हुए शामिल



**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, जू भोपाल में छात्र-छात्राओं में वन, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आस-पास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये एक दिवसीय नेचर कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज 30 जनवरी 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चूनाभट्टी, भोपाल के 42 छात्र/छात्राओं एवं 02 शिक्षकों ने उक्त नेचर कैम्प में भाग लिया। कार्यक्रम में स्रोत व्यक्ति रूप में डॉ. संगीता राजगीर, भोपाल बर्ड्स उपस्थित रहीं। विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्यप्राणी दर्शन, फिल्म शो, स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई एवं जानकारी दे कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। वन विहार के विभिन्न स्थलों पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। इसके अतिरिक्त बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर, नीलगाय आदि वन्यप्राणियों का भी अवलोकन किया। इस दौरान श्री एस.के. सिन्हा, सहायक संचालक बन विहार एवं श्री विजयबाबू नंदवंशी बायोलॉजिस्ट और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल श्री पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

### शहीदों की स्मृति में 2 मिनिट का मौन धारण किया



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के बलिदान दिवस पर राजभवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीदों की स्मृति में 2 मिनिट का मौन धारण कर नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला, विधि अधिकारी श्री उमेश श्रीवास्तव सहित राजभवन के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# लगभग 1000 राजस्व प्रकरणों का किया निराकरण ,कलेक्टर ने देर रात किया राजस्व कार्यालय का औचक निरीक्षण

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर भोपाल जिले में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में राजस्व महा अभियान अंतर्गत एसडीएम एवं तहसील कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये लगातार कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण के लिये विशेष अभियान अंतर्गत राजस्व कार्यालय देर रात तक खुले रख कर आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है । मंगलवार को जिले में लगभग 1000 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया ।जिसमे हुजुर कार्यालय के द्वारा 500 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण ,कोलार द्वारा 250 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण एवं अन्य तहसील कार्यालयों द्वारा 250 के लगभग राजस्व प्रकरणों का निराकरण आज किया



गया।कलेक्टर ने देर रात एसडीएम हुजूर कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति को देखा और आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने कहा की राजस्व महाअभियान के अंतर्गत भोपाल को प्रदेश का मॉडल जिला बनाया जाएगा। राजस्व अभियान के पूर्ण होने के पूर्व भोपाल जिले में लंबित प्रकरणों की संख्या शून्य करना है और एक मॉडल प्रस्तुत करना है कि भोपाल जिला राजस्व के कार्य में प्रदेश में बेहतरीन काम कर रहा है।

# शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक को विधायक सुरेंद्र पटवा ने किया सम्मानित

**संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क 6263301848**

सुल्तानपुर। यदि संकल्प मजबूत है तो कुछ भी असंभव नही है यही कर दिखाया है हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राथमिक शिक्षक सुशील शर्मा ने बच्चों का शिक्षण कार्य हो या अन्य शासकीय कार्य बखूबी लगन एवं मेहनत से करते है जिससे आम लोगों को लाभ मिलता है उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के दौरान घर घर जाकर बचाव एवं वैकसीनेशन का कार्य किया गया । स्वच्छ भारत अभियान एवं निर्वाचन संबंधी कार्य बी एल ओ के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर नगर परिषद सुल्तानपुर द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी मीणा ,विधायक प्रतिनिधि हेमराज मीणा, किशोर रामानी ,कमलेश राजपाल राधा कृष्ण आडवाणी ,कन्हैयालाल गौर समेत नगर के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चे उपस्थित रहे।



# 14 फरवरी 2024 को ग्राम आफतनगर में होने जा रहा हैं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

**संवाददाता हेमंत शाक्य**

**संपर्क 6263301848--**




ग्राम और क्षेत्र की सुख शांति हेतु श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन होने जा रहा है।कलश यात्रा 14 तारीख को निकल जाएगी जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर धर्म का लाभ वर्जित करें। कथा वाचक सुश्री रागनी पाराशर जी जमानिया सिलवानी से आपके अपने क्षेत्र ग्राम आफतगंज एवं सुल्तानपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है आयोजन करता श्री बालाजी सरकार मुख्य अजमान बबलू महावर जी। आयोजक श्री बालाजी सरकार यजमान श्री बबलू महावर जी एवं समस्त ग्राम वासी और क्षेत्रवासी के सहयोग से आपके अपने ग्राम आफतगंज में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनांक 14 फरवरी 2024 को होने जा रहा है आप सभी धर्म प्रेमी बंधु कथा में पहुंचकर धर्म का लाभ अर्जित करें।

# आर्म्स एक्ट एवं अवैध हथियारो की तस्करी करते रंगे हाथों पकड़ा गया संदेही समय रहते क्राइम ब्रांच ने धर दबोचा

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

क्राइम ब्रांच टीम को आर्म्स एक्ट के आरोपियों की धरपकड़ पर कार्यवाही के अंतर्गत एक व्यक्ति के पास से एक देसी पिस्टल तथा एक जिन्दा राउन्ड बरामद। क्राइम ब्रांच भोपाल को मोबाइल द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 19-20 साल होगी रानी लक्ष्मी बाई काम्पलेक्स नीलबड़ चौराहा भोपाल के पास कट्टा लिये किसी को अपराध की नियत से खडा है समय पर नही पकडा जाने पर वह व्यक्ति कट्टा बेच कर या अपराध कर भाग सकता था । मुखबिर की सूचना से थाना प्रभारी महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया तथा प्राप्त सूचना के बताये स्थान पर पहुचे जहाँ पर आड़ से छुपकर देखा तो मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का व्यक्ति दिखा जिसे स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया तथा उससे पूछताछ पर अपना नाम तथा उम्र 19 साल निवासी न्यू मुबारकपुर जिला पटना बिहार तथा वर्तमान पता तिरुपति नगर नीलवड थाना रातीवड भोपाल



बताया आरोपी की तलाशी ली गई तो कमर में एक लोहे का देशी कट्टा मिला जिसको चेक किया तो उसमें एक जिन्दा कारतूस पाया गया । पकड़े गए संदेही से देशी कट्टा व कारतूस रखने के सम्बंध में वैध कागजात मांगे गये जो उसके पास नहीं थे। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय होने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आरोपी से अवैध हथियारो को खरीदने व बेचने के संबंध में पूछताछ जारी है।

# शिक्षा का अंतिम उद्देश्य समर्पित, संवेदनशील और कर्मठ नागरिक बनाना,राजभवन में विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पपटेल ने राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 101 वीं बैठक को संबोधित किया। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा है कि विश्वविद्यालय श्रेष्ठ मानव का विकास करे। राष्टीय शिक्षा नीति का उद्देश्य ज्ञान के विस्तार के साथ ही श्रेष्ठ मानव तैयार करना है। उन्होंने विश्वविद्यालयों से अपेक्षा की है कि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों को ज्ञान, विज्ञान के साथ ही नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक परम्पराओं, संस्कारों और व्यवहारिक जीवन के गुणों को भी रोपित करे। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयीन पाठ्यक्रमों में मानवीय मूल्यों का समावेशन जरूरी है। शिक्षा का अंतिम उद्देश्य समर्पित, संवेदनशील और कर्मठ नागरिक बनाना है। यह समझना जरूरी है कि मात्र ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी विकास समग्र शिक्षा नहीं है। विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता, पर्यावरणीय चेतना और महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक सरोकारों के प्रति सजगता और सक्रियता का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का दायित्व है कि विद्यार्थियों को हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक परम्पराओं और विरासत के संस्कारों से दीक्षित करे ताकि विद्यार्थी भावी जीवन में हमारी संस्कृति की जड़ों से जुड़े रह कर, विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति करे।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में सामान्यतः विद्यार्थी 4 से 5 वर्ष अध्ययन करते है। इस अवधि में विद्यार्थियों के




व्यक्तित्व विकास में विश्वविद्यालय की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। समाज के वंचित वर्गों के कल्याण, सामाजिक सरोकारों में सहभागिता, समाज और राष्ट के प्रति सेवा की भावना और संवेदनशीलता के गुणों से विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को संस्कारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता मानव की प्रकृति का मूलभूत तत्व है, आवश्यकता उसे जगाने की है। विश्वविद्यालय युवाओं में माता-पिता के प्रति श्रद्धा और सम्मान के भाव उत्पन्न करने के प्रयास करे। राज्यपाल ने कहा कि जीवन के सभी सुखों का आधार अच्छा स्वास्थ्य है। जरूरी है कि विद्यार्थियों में पौष्टिक खान-पान की प्रवृत्तियों को विकसित किया जाये एवं उन्हें श्रीअन्न के सेवन, व्यायाम और नियमित जीवन शैली के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विश्वविद्यालयों में रोजगार परक पाठ्यक्रमों के संचालन के संबंध में समन्वय समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव पर उपसमिति के माध्यम से विचार कराये जाने की जरूरत बताई।बैठक में तय किया गया कि सभी निजी एवं शासकीय विश्वविद्यालय यूजीसी के 12-बी में पंजीयन कराये। सत्र 2024-25 के लिये पात्र विश्वविद्यालय नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन कर दे। नवीन स्थापित विश्वविद्यालय निर्धारित अवधि 6 वर्ष पूर्ण होने के एक वर्ष में अनिवार्यत– आवेदन प्रस्तुत कर दे। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा आयुक्त, शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति मौजूद रहे।

# अनिवार्य पंजीयन के बिना कोई भी संगठन संस्था संचालित नहीं हो, बाल संरक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**




समेकित बाल संरक्षण योजना मिशन वात्सल्य÷ अंतर्गत बुधवार को जिला पंचायत, जिला भोपाल के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिले के सभी थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्य, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल देख रेख संस्थाओं के अधीक्षक, केसवर्कर, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, धारा 54 के तहत गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के सदस्य लगभग 170 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों की क्षमता संर्वधन के लिये प्रशिक्षण दिया गया।किशोर न्याय अधिनियम, 2015 एवं आदर्श नियम, 2016, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पॉक्सो, वात्सल्य पोर्टल पर देखरेख एवं संरक्षण वाले बालकों की प्रविष्टि, दत्तकग्रहण, फ़ॉस्टरकेयर, स्पॉन्सशिप एवं ऑफ़्टरकेयर योजना,बाल आर्शीवाद प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्रशिक्षण के संबंध में सामान्य चर्चा की गई एवं उपस्थित प्रतिभागियों को किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 41 के रूप विशेष रूप से अवगत कराया गया कि यदि कोई संस्था देखरेख एवं संरक्षण वाले बालकों को आश्रय प्रदाय कर रही है तो अधिनियम की उक्त धारा अंतर्गत अनिवार्यतः पंजीयन कराए। प्रतिभागियों से आवाह्न किया गया कि कोई संस्था, संगठन संचालित होने की जानकारी प्राप्त होने पर सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति एवं सक्षम प्राधिकारी को प्रदाय करें।


भारतीय जनता पार्टी, जिला नर्मदापुरम

माधवदास अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
Mob. 94254 08721, 79878 84906
Email : madhavppi.bjp@gmail.com

कार्यालय – रामजी बाबा समाधि के सामने, नर्मदापुरम (म.प्र.)
Email : bjphosh@gmail.com

दिनांक : 30.01.2024

संगठनात्मक नियुक्ति

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा जी, म.प्र. अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव जी के निर्देश पर एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नर्मदापुरम संभाग प्रभारी श्री पंकज जोशी जी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह जी, नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा जी, सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा जी, सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह जी, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी जी की सहमति से **अनुसूचित जाति मोर्चा नर्मदापुरम जिला महामंत्री पद पर श्री विनोद लोंगरे इटारसी मो. 9893732613** के नाम की घोषणा की जाती है।

माधवदास अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, नर्मदापुरम

# भारतीय रिज़र्व बैंक ने की बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 ए के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

RBI द्वारा 11 मार्च, 2022 को जारी प्रेस विज्ञप्ति में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को नए ग्राहकों को शामिल करने से रोकने का निर्देश दिया था। व्यापक सिस्टम ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट द्वारा पेटीएम पैमेंट बैंक में लगातार गंभीर अनीयमिता का खुलासा हुआ , जिससे ऋब्द्ध को आगे कार्रवाई की आवश्यकता हुई। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत इसे सक्षम करने वाली अपनी सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक ने पीपीबीएल को निम्नानुसार निर्देशित किया है 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उपकरण, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड के अलावा किसी भी जमा या




क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसे कभी भी क्रेडिट किया जा सकता है। इसके ग्राहकों द्वारा बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड उपकरण, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति उनके उपलब्ध शेष राशि तक बिना किसी प्रतिबंध के दी जानी है। 29 फरवरी के बाद उल्लिखित सेवाओं के अलावा कोई अन्य बैंकिंग सेवाएं, जैसे फंड ट्रांसफर ,एईपीएस, आईएमपीएस इत्यादि सेवाओं के नाम के बावजूद, बीबीपीओयू और यूपीआई सुविधा बैंक द्वारा प्रदान नहीं की जानी चाहिए। वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड और पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड के नोडल खातों को जल्द से जल्द, किसी भी स्थिति में 29 फरवरी, 2024 से पहले समाप्त किया जाना चाहिए। सभी लेनदेन और नोडल खातों का निपटान जो 29 फरवरी, 2024 को या उससे पहले शुरू किए गए सभी लेनदेन के संबंध में 15 मार्च, 2024 तक पूरा किया जाएगा और उसके बाद किसी और लेनदेन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# नारी शक्ति के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी में हुआ भव्य आयोजन






**संवाददाता हेमंत शाक्य**
**संपर्क 6263301848--**

वनवासी कल्याण परिषद द्वारा ग्राम ईटखेड़ी प्रखंड चंद्रपुर जिला रायसेन में 28जनवरी 2024 को नारी शक्ति दिवस मनाया गया जिसमें ईंटखेड़ी सेक्टर के सभी 12गांव से मातृ शक्ति एवं बहनें सम्मिलित हुई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. उमा परते एवं विश्व हिंदू परिषद प्रांत से रजनी शर्मा जी बनवासी कल्याण परिषद जिला संगठन मंत्री कमल भूरिया जी एवं महिला जिला प्रमुख कावेरी राठौर के द्वारा उद्बोधन दिया गया एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। महिलाओं के विकास और उनकी कार्यशील शक्ति के विषय में उनको जानकारी प्राप्त कराई और उनकी आवश्यकता एवं कार्यशीलता से उन्हें परिचित कराया की मातृशक्ति घर परिवार समाज नगर राज्य और राष्ट्र के विकास में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करती हैं यही मातृशक्ति विशेष होती है।

# गणतंत्र दिवस पर प्राथमिक शाला के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**नवाचारी शिक्षक सुशील शर्मा की मेहनत से बच्चों को गढ़ा जा रहा है**





संवाददाता हेमंत शाक्य

सुल्तानपुर। नगर परिषद सुल्तानपुर द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा मेरी चौखट पर चलकर चारों धाम आयें है थीम पर नृत्य किया गया ,जिसकी उपस्थित जन समूह द्वारा प्रशंसा की गई । संस्था के शिक्षक सुशील शर्मा ने बताया है कि निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को नये नये नवाचारों से बच्चों को निपुण बनाया जा रहा है जिससे बच्चे लक्ष्य को प्राप्त कर सके ।इस अवसर पर विधायक सुरेन्द्र पटवा, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी मीणा ,हेमराज मीणा, किशोर रामानी ,राधाकृष्ण आडवानी, समेत नगर के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे ।



## भाजपा सरकार का प्रयास नारी शक्ति हो पूर्ण विकास

संवाददाता हेमंत शाक्य
संपर्क 6263631848

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कथन - मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोदी सरकार का यह बजट नारी शक्ति के उत्थान तथा विकास में मील का पत्थर साबित होगा। बहनों के जीवन में बदलाव लाने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, वह महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा । बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा बजट पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, इससे हमारे देश की सुरक्षा तथा विकास को और मजबूत गति मिलेगी। यह बजट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री Narendra Modi जी की समस्त गारंटियों को पूर्ण करने वाला बजट है। मैं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती Nirmala Sitharaman जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलकर सबके कल्याण का बजट पेश किया है। शिवराज सिंह चौहान

# दैनिक छात्र उपस्थिति में बच्चे बोलते है जिला ,प्रदेश अन्य वस्तुओं के नाम

**बच्चे हो रहे है निपुण ,शिक्षक के अनूठे नवाचार ने शिक्षण को बनाया रोचक**



संवाददाता हेमंत शाक्य
संपर्क6263301848

सुल्तानपुर। राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों को आधुनिक नवाचारों के माध्यम से निपुण बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बच्चे निपुणता को प्राप्त कर रहें है एवं उनमें समझ विकसित हो रही है । हायर सेकेंडरी स्कूल सुल्तानपुर में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक सुशील शर्मा विभिन्न प्रकार के नवाचारों के माध्यम से बच्चों को दक्ष कर रहें है । कक्षा पहली / दूसरी के छात्र अपनी दैनिक उपस्थिति में प्रतिदिन अपने नाम के स्थान पर सामान्य ज्ञान से संबंधित चीजों के नाम जैसे जिला, प्रदेश, दिन, महीने फल, सब्जियों के नाम बोलते है जिससे बच्चे नयी नयी जानकारियों से परिचित होते है । शिक्षक सुशील शर्मा का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न प्रकार के नवाचारों से दक्ष बनाना है । एवं कक्षा शिक्षण में रोचकता लाने के विभिन्न प्रकार के नवाचार बहुत ही जरूरी है ।जिसमें बच्चे रोचकता के साथ सीखतें है ।एवं उन्हें सीखने में भी आनंद आता है ।



# रोजगार दिवस के अवसर पर हितग्राहियों को किया गया ऋण का वितरण

**रोजगार दिवस का किया गया आयोजन**

शहडोल। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शहडोल ने जानकारी दी है कि कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शहडोल में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। कार्यकम के दौरान समस्त हितग्राही मूलक स्वरोजगार योजनान्तर्गत कुल 2557 हितग्राही को राशि रूपये 3012.62 लाख का ऋण स्वीकृत एवं वितरण कराया गया। प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री शैलेन्द्र कुमार विश्वकर्मा के द्वारा कार्यकम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का संबोधन प्रदेश के समस्त विकास कार्यों के लोकापर्ण ,भूमिपूजन कार्यकम के प्रसारण का अवलोकन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री रवि वर्मा जिला समन्वयक सेडमैप के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर श्री श्याम चरण माझी, जिला अग्रणी प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शहडोल, श्री संदीप गुप्ता शाखा प्रबंधक आईडीबीआई बैंक शहडोल, उपस्थित रहे।

# मत करना भूल, यह नेताजी का है स्कूल





रोहित तिवारी की रिर्पोट

रेलवे पटरी के किनारे तान दिया स्कूल और एसईसीएल भूमि पर बारातघर संभाग आयुक्त शहडोल से शिकायत कार्रवाई की मांग मत करना कोई भूल यह है नेता का स्कूल शायद इसी दंभोक्ति के साथ एसईसीएल की कोयला खदानों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों पर अपनी नेतागिरी का रौब झाड़ने वाले एक यूनियन लीडर ने सैकड़ो बच्चों के भविष्य को दांव पर लगाने का दुस्साहस कर दिखाया है। रेलवे लाइन के ठीक बगल में स्कूल भवन बनाकर उक्त तथा कथित नेता ने न सिर्फ बच्चों का भविष्य खतरे में डाला है बल्कि रेलवे, एसईसीएल और जिला प्रशासन को भी खुली चुनौती दे डाली है, यदि किसी में हिम्मत हो तो उसके अतिक्रमण जाल को हटाकर दिखाए। मामला उमरिया जिले के जोहिला कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत नौरोजाबाद नगर का है जहां नियमों को रौंदते हुए उक्त तथाकथित नेता ने सिर्फ अतिक्रमण कर दुकानों का निर्माण किया बल्कि अब तो स्कूल संचालित कर नौनिहालों को काल का ग्रास बनाने का दुस्साहस भी कर रहा है जिसकी शिकायत संभाग आयुक्त शहडोल से की गई है।

# अपराधों पर नहीं लग रहा लगाम, पुलिस की नजरों पर सब

रोहित तिवारी

उमरिया। उमरिया जिले के पाली थाना घुनघुटी पुलिस चौकी अंतर्गत इन दिनों पूरी रात चल रहे अवैध रूप से संचालित होटल व ढ़ाबो पर रात होते ही बड़े-बड़े अपराधों को बढ़ावा देता है एन एच 43 पर पूरी रात खुलने वाले ढ़ाबे है।

**जैसे यहां के ढ़ाबो में रात होते ही खुलेआम अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है:**

1) अवैध रेत माफियाओं को इन दिनों खुली छूट दी गई है

2) गौ तस्करी को खुली छूट दी गई है यहां गौ तस्करी रात होते ही पिकअप वा ट्रैक के माध्यम से गौ तस्करी की जाती है

3) गांजा माफियाओं को खुली छूट, जानकारी है कि रात होते ही मोटरसाइकिल के माध्यम से बोरी बोरी भर गांजा तस्करी और जगह-जगह वितरण किया जाता है,

48 इमारती लकड़िया जैसे सागौन, सरई, की चोरी की जाती है, इतना भी नहीं सभी ढाबों पर रात होते ही साइकिल व मोटरसाइकिल के माध्यम से इमारती लकड़ियां जंगल से चोरी कर बेची जाती है ढ़ाबों पर, वन विभाग के सामने आए दिन लकड़ियों की चोरी

5) देखने के बाद भी अनदेखा अवैध रेत की चोरी करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं, जानकारी है कि नेता जी इन दिनों खुलेआम अवैध रेत खनन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं

6) जंगल के बीच नाच रही बामन परि, प्रतिदिन लग रहा लाखों का जुआ फड़, घुनघुटी के जंगलों में कुछ बाहर के कुछ यहीं की जुआ बन गया व्यापार का धंधा।

# भारतीय वायु सेना भर्ती रैली में आवेदन की अंतिम तिथि 6 फरवरी

शहडोल। भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिये आवेदक भारतीय वायु सेना की वेबसाइ द्धह्लह्लश्चह्य-//ड्डद्दठ्ठद्बश्चड्डह्लद्ध1ड्ड4ह्व.ष्ट्रड्डष्.द्बठ्ठ पर आनलाईन पंजीयन 6 फरवरी 2024 तक करा सकते है। भर्ती हेतु पात्र आवेदक इस भर्ती रैली के लिए पंजीयन करा सकते है। आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता तथा शरीरिक योग्यता से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नें अग्निवीर योजना को लेकर देश के युवा को दी बड़ी खुशखबरी



ब्रजेन्द्र मांडरे, जिला मुरैना

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने और सेना में नई ऊर्जा लाने के लिए शुरू की गई अग्निवीर योजना में प्रदेश के युवाओं को चयनित कराने के लिए प्रति बैच 360 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुरैना में रोजगार दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह में कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रशिक्षण में युवाओं को गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और सामान्य अध्ययन जैसे विषयों की कोचिंग दी जाएगी। इससे युवाओं को अग्निवीर योजना में चयन में मदद मिलेगी। अग्निवीर सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से मिले रोजगार और स्वरोजगार से युवाओं के जीवन में नव सुख जीवन का सूरज उदय होगा।

# शहडोल. सरसी पंचायत में चल रही भरेशाही की जिला पंचायत सीईओ से हुई शिकायत

रोहित तिवारी

जनपद सीईओ के छाया छात्रा से नियमों का उल्लंघन कर अतिरिक्त प्रभार पर डाटा है पंचायत सचिव

जिले की ग्राम पंचायत का हाल यह है कि सचिवो की पद स्थापना प्रावधानों के अनुरूप नही बल्कि अफसर की मर्जी के अनुरूप हो रही है योजनाओं का लाभ पात्रता के अनुरूप नहीं बल्कि सचिव की मर्जी के अनुसार मिल रहा है एक सचिव किसी पंचायत में वर्षो से पदस्थाश है लेकिन उसका स्थानांतरण नहीं किया जाता है सचिन की भ्रष्टाचार की जांच होती है आरोपी की पुष्टि होती है लेकिन कार्यवाही नहीं होती है नियमों की उल्लंघन का एक मामला शहडोल जिले के गोहपारू जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसी से भी प्रकाश में आया है जिसकी शिकायत जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अवध नरेश रिंकू चतुर्वेदी ने जिला सीओ शहडोल से की है श्री चतुर्वेदी ने शिकायत के माध्यम से पंचायत की व्यवस्थाओं का खुलासा किया है

## नियमों की उड़ा रहे धजिया

शिकायत में ध्यान उत्कृष्ट कराया गया कि सचिव चंद्र प्रताप द्वारा राम कृपाल के जिला कांग्रेस महासचिव अवध नरेश चतुर्वेदी की शिकायत प्रयास के बावजूद उसे प्रभार नहीं दिया जा रहा है जबकि मध्य प्रदेश पंचायत सेवाग्राम पंचायत सचिव भारती और सेवा की शर्ते नियम 2011 की खंडिका 12 में स्पष्ट उल्लेख है कि अतिरिक्त प्रभार अंश उदाहरण परिस्थितियों के शिवाय 90 दिन के अधिक से लिए नहीं दिया जाएगा किसी भी मामले में ग्राम पंचायत सचिव को एक से अधिक पंचायत का प्रभार नहीं दिया जाएगा श्री चंद्र प्रताप द्विवेदी को सरसी का जो अतिरिक्त प्रभार दिया गया है हुआ है नियम विरोध है जबकि इसकी मूल पंचायत महरुआ जिसकी दूरी लगभग 25 किलोमीटर के आसपास है जिसकी शिकायत अवध नरेश चतुर्वेदी कांग्रेस महासचिव के द्वारा मुख्य कार्यपद अधिकारी महोदय




जिला पंचायत को शिकायत किया गया है शिकायत में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत सरसी मिश्री चंद्र प्रताप द्विवेदी जिनकी मूल ग्राम पंचायत महरोई है को कार्यालय जिला पंचायत शहडोल के आदेश क्रमांक 9019 शहडोल दिनांक 17 8 2022 से अतिरिक्त वित्तीय सचिव प्रभार दिया जाकर पदस्थ किया गया है जिनके द्वारा ग्राम पंचायत सरसी का वित्तीय कार्य किया जा रहा है कार्यालय जिला पंचायत शहडोल के आदेश क्रमांक 1992 शहडोल दिनांक 10 3 2023 द्वारा श्री राम कृपाल सिंह को ग्राम पंचायत सरसी में सचिन के पद पर पदस्थ किया गया है जिन्हें आज दिनांक 29 12 2023 तक ग्राम पंचायत सरसी का सचिन प्रभार आप प्राप्त है श्री चंद प्रताप द्विवेदी को ग्राम पंचायत सरसी का अतिरिक्त सचिव प्रभार दिया गया है मगर अवध नरेश चतुर्वेदी कांग्रेस महासचिव के शिकायत पर आज दिनांक तक कोई जांच नहीं की गई है।

# सहकार के नाम पर खुली लूटः कुंभकर्णी निंद्रा में लीन हैं जिम्मेदार या गांधी के फेरे में हैं मौन?, ओवरलोड होकर रीवा-सतना और यूपी पहुंची रही रेत

रोहित तिवारी

## शहडोल जिले में ग्लोबल इंडिया नामक संस्थान रेत की खदान से रेत निकालने का काम कर रहा है।

शहडोल। जिले में ग्लोबल इंडिया नामक संस्थान रेत की खदान से रेत निकालने का काम कर रहा है। नदियों में तो जिस तरह से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, वह देखते ही बनता है। ट्रकों में ओवर लेटर लोड रेत रीवा, सतना और उत्तर प्रदेश तक जा रही है। जिस तरह से वाहनों में ओवरलोड होकर रेत परिवहन किया जा रहा है, उसमें शहडोल जिले की पुलिस तो शामिल ही है। साथ ही रीवा सतना और सीधी इन सभी जिलों की पुलिस भी शामिल है। यह कहना अतिश्योक्ति न होगी कि, अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर प्रशासन ने तो क्लीन चिट दे दी है। जिसके चलते पूर्व वर्ष की भांति ही एक बार फिर अवैध उत्खनन और ओवरलोड दोनों ही काम बेधड़क और बेखौफ तरीके से जारी हो चुका है। जहां 8 क्यूबिक मीटर रेत हाईवा में लोड होना चाहिए। वहां 1414 क्यूबिक मीटर रेत (ओवरलोड) होकर जा रही है। जबकि, जिम्मेदार हैं कि, ÷जंगल में मोर नाचा किसने देखा÷ वाली कहावत को यथार्थ करने तलीन हैं।गौरतलब है कि, जिन-जिन नदियों में रेत का उत्खनन ग्लोबल एंड कंपनी कर रही है। वहां से बेखौफ तरीके से नदियों के बीच पानी की धार से रेत



निकालने का काम जारी है। खदान से लेकर इलाहाबाद और सतना, रीवा तक पानी टपकता हाईवे पर ओवरलोड वाहनों को सहज देखा जा सकता है। लेकिन, जिम्मेदार अधिकारियों को यह देखना जानना और कार्रवाई करना मानो गवारा नहीं। या कुछ यूं कहें, कंपनी की दादागिरी इसी तरह नियम और तय मापदंड के विरुद्ध खुलेआम काम करने जिले में आई है?उनके प्रबंधन के लोग यह कहते नजर आते हैं कि, प्रशासन मुट्ठी में है, क्या कर लेगा। शायद वह यह भूल गए हैं कि, जिस समय पुलिस अधीक्षक शहडोल अवधेश गोस्वामी एवं कलेक्टर सतेन्द्र सिंह ने अभियान छेड़ा था। तो उसे समय जिले में कार्यरत रेत ठेका कंपनी वंशिका को लेने के देने पड़ गए थे और उनके प्रबंधन पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज हुआ था। अभी हाल फिलहाल ही सहकार ग्लोबल के कुछ लोगों पर गोहपारू थाने में मामला दर्ज हुआ है। एक बात और महत्वपूर्ण है कि, कंपनी में कोई अपनी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं। सूत्रों का कहना है कि, प्रबंधन में बैठे लोग ही अपने आलकमान से त्रस्त नजर आ रहे हैं। मजे की बात यह है कि, प्रबंधन अपनी मनमानी पर जिस तरह से नियंत्रण लगाने की सोच रहा है। उसमें भविष्य में विवाद की संभावनाएं ज्यादा दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि, शंकर सिंह, विपुल दुबे एवं चेतन चतुर्वेदी की तिकड़ी ग्लोबल की बागडोर संभाल कर बैठे हुए हैं। यह भी पता चला है कि, हर कौर में बिस्मिल्लाह करने की नियत दिखाई दे रही है। यह तीनों ही, जिस तरह से कार्य करने का काम कर रहे हैं, वह अपने आप में आश्चर्यजनक है। विचारणीय है, जितने कारिंदे ग्लोबल की इस कंपनी में लगे हैं, उनका किसी का भी पुलिस वेरिफिकेशन अभी तक नहीं हो सका है। कौन कहां से आया है? अपराधी है या नहीं? इसको कौन तय करेगा? जैसे मामले सामने आ रहे हैं। प्रबंधन का कहना है कि, प्रशासनिक अधिकारी हो, या राजनेता सभी को सब मिल रहा है और यह ऐसी कंपनी है कि, जिसका टर्नओवर ही अपने आप में पर्याप्त है। संभवतः यही वजह है कि, पैसे और राजनीति से सब कुछ कंपनी के हिसाब का तय हो रहा है। सीधी से आए डेविड ने जिस तरह से आतंक मचाने का काम किया है, वह भी सवालिया निशान पैदा कर रहा है। आखिर यह कौन है? जो शहडोल जिले के शांतिपूर्ण वातावरण को अशांत करने में जुटा हुआ है?

## सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम रोजगार सहायक को संविदा सेवा से किया प्रथक

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन आदेश जारी कर श्री श्यामकिशोर मिश्रा ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत जमुनी जनपद पंचायत ब्यौहारी एवं श्री संजीव सिंह ग्राम रोजगार सहायक को प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत धमनीकला जनपद पंचायत सोहागपुर को एवीपीएस में जॉवकार्डधरियों के खाते कनवर्ट न कराने, सौंपे गये कार्यदायित्वों के प्रति स्वैच्छाचरिता करने, कर्तव्यों का निर्वहन न करने के दोषी मानते हुए संविदा सेवा से पृथक किया गया । जारी आदेश में कहा गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम म.प्र. के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में जॉबकार्डधारियों द्वारा रोजगार की मांग के आधार पर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाना है। योजना अंतर्गत जॉबकार्डधारियों को मजदूरी की राशि का भुगतान 100 प्रतिशत आधार आधारित भुगतान किए जाने के निर्देश है।

**स्वर्ण कुंभ** | **शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एलुमनी मीट में की घोषणा**

# रायपुर में खुलेगा छत्तीसगढ़ का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय

**घोषणा**

- **शिक्षा मंत्री ने देश-विदेश में सेवाएं दे रहे पुराने डाक्टर्स को सम्मानित किया**




**रायपुर,**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रदेश का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय खुलेगा। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में 2 दिवसीय आयुर्वेद एलुमनी मीट ''स्वर्ण कुंभ'' में ये घोषणा की।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रदेश का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय खुलेगा। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में 2 दिवसीय आयुर्वेद एलुमनी मीट ''स्वर्ण कुंभ'' में ये घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज से पढ़कर निकले और देश-विदेश में सेवाएं दे रहे ऐसे पुराने डॉक्टर्स को सम्मानित किया।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर आयुर्वेद और आयुष को बढ़ावा दिया है, जिसके बाद आज पूरी दुनिया में आयुर्वेद को अलग पहचान मिली है। कोरोना काल में आयुर्वेदिक काढ़े और दवाइयों ने लाखों लोगों की जान बचाई। लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने का भी सुझाव अग्रवाल ने दिया।

**'आयुर्वेद हमारे जीवन पद्धति का एक अंग'**

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन पद्धति का एक अंग है। हमारे घरों का रसोई घर अपने आप में एक आयुर्वेदिक औषधि केंद्र है। एक जानकर व्यक्ति इनका सही प्रयोग करके निरोगी काया पा सकता है। आयुर्वेद आदिकाल से है। जब लंका में लक्ष्मणजी मूर्छित हुए थे तब भी वैद्यराज सुषेण ने आयुर्वेद के जरिए उनकी जान बचाई थी, उस वक्त एलोपैथ का नामोनिशान नहीं था।

**ये रहे मौजूद:** शिक्षा मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में पुराने दोस्तों से मिलकर सभी लोगों को अपने छात्र जीवन के दिन की यादें ताजा करने का अवसर मिला होगा।

ऐसे लोगों से भी मुलाकात हुई होगी, जिन्होंने आयुर्वेद को एलोपैथी के बराबर का दर्जा दिलाने के लिए बहुत संघर्ष किया था। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ भूषणलाल जांगड़े, कवि डॉ सुरेंद्र दुबे, प्राचार्य डॉ जी. आर चतुर्वेदी, संयुक्त संचालक, आयुष डॉ सुनील कुमार दास, आयोजन समिति के अध्यक्ष, डॉ पतंजलि दीवान, डॉ शिव नारायण द्विवेदी, डॉ हरेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या में माता शबरी का जिक्र करने पर सीएम ने जताया आभार

**गौरव का क्षण**

- **सीएम साय ने PM मोदी को लिखा खत, कहा- ननिहाल में भारी खुशी**



**रायपुर,**

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पीएम नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। पत्र में राम मंदिर अयोध्या धाम में रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सफलतापूर्वक संपन्न होने पर छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं को साझा किया है।

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पीएम नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। पत्र में राम मंदिर अयोध्या धाम में रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सफलतापूर्वक संपन्न होने पर छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं को साझा किया है। पत्र में लिखा है कि अयोध्या धाम से दिये गये संबोधन में प्रधानमंत्री ने माता शबरी की भक्ति और भगवान राम के आने की प्रतिक्षा को जिस तरह उल्लेख किया है, उससे छत्तीसगढ़वासियों में भारी हर्ष का माहौल है। उन्होंने खत में आगे लिखा कि पूरा देश और हम सभी छत्तीसगढ़वासी अयोध्या धाम के राम जन्मभूमि में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भारी खुश हैं। भारतीय जनमानस के इस स्वप्न को आकार देने के पीछे करोड़ों रामभक्तों और सैकड़ों बलिदानियों के साथ आपके संकल्प की महती भूमिका रही है।छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल भी है, इसलिए हमारी खुशी का कोई ठीकाना नहीं है। पूरे छत्तीसगढ़ में इस तिथि को रामोत्सव के रूप में मनाया गया। मैंने इस अवसर पर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का अवलोकन माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण से करने का निश्चय किया।

अभिजीत मुहूर्त के शुभ क्षणों में जब आपने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तो यह हम सबके लिए उल्लास का, भावुकता का और गौरव का क्षण था।

# एस्कॉर्ट के नाम पर फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा

**उदयपुर,**

विभिन्न सोशल साइट पर ऐड देकर एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने वाले के गिरोह का खुलासा कर पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर चला रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 19 एटीएम कार्ड व 15 मोबाइल जब्त किए गए हैं।

मामले को लेकर एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर क्राइम करने वाले नंबरों को चिन्हित करने के निर्देश दिये गए।

इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर लोकेन्द्र दादरवाल एवं वृताधिकारी वृत नगर पश्चिम चांदमल सिंगारिया के नेतृत्व में प्रोबेशनर आईपीएस निश्चय प्रसाद एम एवं एसएचओ अम्बामाता डॉ. हनवन्त सिंह राजपुरोहित की टीम द्वारा एसएचओ खेरवाड़ा दिलीप सिह से सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए सज्जन नगर स्थित अयाना अपार्टमेन्ट के दूसरी मंजिल स्थित कॉल सेंटर पर दबिश दी गई।

बता दें कि कमरे के अंदर 6 लोग बैठे हुए थे, जिनके हाथों में मोबाइल थे। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम दयालाल पाटीदार पुत्र मोगजी (26), रोशन पाटीदार पुत्र नाथुजी (26) व प्रवीण पाटीदार पुत्र मोकजी (23) निवासी थाना दोवडा जिला डुंगरपुर, भरत पाटीदार पुत्र हीरजी पाटीदार (24), हितेश पाटीदार पुत्र लालींग (21) व कपिल पाटीदार पुत्र भानजी (24) निवास थाना आसपुर जिला डुंगरपुर, होना बताया। वहीं, तलाशी में फ्लैट से कुल 15 मोबाइल फोन, 19 एटीएम एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण मोबाइल चार्ज पिन और सिम मिली। पुलिस मुख्यालय द्वारा साइबर अपराध में चिन्हित नंबर भी उनके पास मिले।

## संक्षिप्त


### अवैध खनन के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान

**भीलवाड़ा,** । अवैध बजरी खनन को रोकने के लिए चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के तहत शनिवार को जिले में बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में करीब 24 टन अवैध बजरी समेत गारनेट पत्थर जब्त किया गया। जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में जारी खनिजों के अवैध खनन और निर्गमन के विरुद्ध अभियान के तहत हुई कार्रवाई में जिले में कुल 7 प्रकरण बनाकर 5 वाहन जब्त कर चार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। खनिज अभियंता जिनेश हुमड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त जांच दल द्वारा गारनेट डीलरों के स्टॉक से संबंधित कार्रवाई में पूर्वावतों का खेड़ा, आकोला, तहसील भीलवाड़ा में स्थित गारनेट डीलरों की फैक्ट्री से लगभग 500 टन गारनेट अनअकाउंट बेलेंस पाया गया।

**मन की बात में छत्तीसगढ़ में हाथियों के विचरण की सूचनाओं की चर्चा**

# पीएम मोदी ने की 'हमर हाथी-हमर गोठ' की तारीफ

**रायपुर,**




मन की बात कार्यक्रम में आज रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में हाथियों के विचरण की सूचनाओं पर आधारित आकाशवाणी कार्यक्रम 'हमर हाथी-हमर गोठ' की खूत तारीफ की। उन्होंने कहा कि रेडियो की ताकत कितना बदलाव ला सकती है, इसकी एक अनूठी मिसाल छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है। करीब 7 वर्षों से यहां रेडियो पर एक लोकप्रिय कार्यक्रम चल है, जिसका नाम है 'हमर हाथी-हमर गोठ'। नाम सुनकर आपको लग सकता है कि रेडियो और हाथी का भला क्या कनेक्शन हो सकता है, लेकिन यही तो रेडियो की खूबी है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी के चार केन्द्रों अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ से हर शाम इस कार्यक्रम का प्रसारण होता है आपको जानकर हैरानी होगी कि छत्तीसगढ़ के जंगल और उसके आसपास के इलाके में रहने वाले बड़े ध्यान से इस कार्यक्रम को सुनते हैं। 'हमर हाथी - हमर गोठ' कार्यक्रम में बताया जाता है कि हाथियों का झुण्ड जंगल के किस इलाके से गुजर रहा है। ये जानकारी यहां के लोगों के बहुत काम आती है। लोगों को जैसे ही रेडियो से हाथियों के झुण्ड के आने की जानकारी मिलती है, वो सावधान हो जाते हैं। जिन रास्तों से हाथी गुजरते हैं, उधर जाने का खतरा टल जाता है। इससे जहां एक ओर हाथियों के झुण्ड से नुकसान की संभावना कम हो रही है, वहीं हाथियों के बारे में डेटा जुटाने में मदद मिलती है। इस डेटा के उपयोग से भविष्य में हाथियों के संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

**'आसान हुआ लोगों और हाथियों के साथ तालमेल बैठाना' :** उन्होंने कहा कि यहां हाथियों से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इससे जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को हाथियों के साथ तालमेल बिठाना आसान हो गया है। छत्तीसगढ़ की इस अनूठी पहल और इसके अनुभवों का लाभ देश के दूसरे वन क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी उठा सकते हैं।

**राज्य के 4 आकाशवाणी केंद्रों में सुन सकते हैं ये कार्यक्रम**

'हमर हाथी-हमर गोठ' कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता अमलेन्दु मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य के चार आकाशवाणी केंद्रों अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ केंद्रों से शाम पांच बजे प्रसारित किया जाता है। यह कार्यक्रम एंड्राइड मोबाइल के न्यूज on AIR और एफएम चैनल में भी उपलब्ध है, जिसे गाड़ियों में भी आसानी से सुना जा सकता है।

# अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया दिवस पर सिडनी में की नाजीवाद संबंधी गतिविधियों की निंदा

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने सिडनी में एक ट्रेन में चढ़े नकाबपोश लोगों के एक समूह की गतिविधि की निंदा की है और कहा है कि वह सिर से पैर तक काले कपड़े पहने (बालाक्लाव) लोगों को नहीं देखना चाहते हैं, जो देश में नाजीवादी गतिविधियों में संलिप्त हैं।

अल्बानीज ने शनिवार को न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के ऑरेंज में शुक्रवार की घटना की निंदा करते हुए कहा, "देश में इस तरह की गतिविधियां के लिए कोई जगह नहीं है और सभी सभ्य लोगों द्वारा इसकी उचित रूप से निंदा की जा रही है।"

एनएसडब्ल्यू पुलिस बल ने कल बताया कि लगभग 61 भेषभूशा बदले हुए लोगों के समूह में से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है और थाने ले जाया गया। वहीं अन्य 55 लोगों को रेल संबंधी उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया है। पुलिस ने कहा कि दो लोगों को रिहा कर दिया गया है और आपत्तिजनक व्यवहार के लिए उनक खिलाफ उल्लंघन नोटिस जारी किया गया है।

ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) ने बताया कि इन लोगों ने बालाक्लाव सहित पूरा काले रंग की पोशाक पहनी हुई थी और उन्होंने नाजीवाद समूह का संदर्भ देते हुए एक बैनर तैयार किया था। आष्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इतने अधिक लोगों की संख्या से हैरान हैं। उन्होंने कहा, "हमने कट्टर दक्षिणपंथी गतिविधि में नाजीवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी है।" गौरतलब है कि हर साल 26 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया दिवस मनाया जाता है, जो 1788 में ब्रिटेन से देश को आजादी मिलने का प्रतीक है।

# आईडीएफ के हमले में गाजा के खान यूनिस में कई लड़ाके मारे गये

**आईडीएफ उवाच**

- **सैनिकों ने शहर में असॉल्ट राइफलों और रॉकेट लॉन्चरों से लैस कई हमास लड़ाकों को मार डाला।**

गाजा, एजेंसी

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाया जिसमें कई सशस्त्र लड़ाके मारे गए। आईडीएफ ने एक बयान में कहा, ？खान यूनिस में आईडीएफ सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें एक हथियार भंडारण सुविधा भी शामिल थी। वहां बड़ी मात्रा में गोला-बारूद, बंदूकें और विभिन्न तकनीकी इमारतें स्थित थीं। आईडीएफ सैनिकों के विमान हमले में तीन आतंकवादी मारे गए जो बगल में विस्फोटक लगाने का काम कर रहे थे।आईडीएफ ने कहा कि सैनिकों ने शहर में असॉल्ट राइफलों और रॉकेट लॉन्चरों से लैस कई हमास लड़ाकों को मार डाला।



पिछले वर्ष नवंबर में इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा था कि हमास एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में हार गया है और इजरायली सेना अब गाजा पट्टी के केंद्र और दक्षिण में चली जाएगी। इज़रायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इज़रायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग नौ हजार हमास लड़ाकों का सफाया कर दिया गया है। विभिन्न अनुमानों के अनुसार हमास लड़कों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है।

गाजा पट्टी को सात अक्टूबर को नियंत्रित करने वाले हमास आंदोलन ने इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। परिणामस्वरूप, इजरायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इज़रायली हमलों के परिणामस्वरूप गाजा पट्टी में अब तक लगभग 26,000 लोग मारे गए हैं।कतर ने इजरायल और हमास के बीच 24 नवंबर को एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की। युद्धविराम को कई बार बढ़ाया गया और यह एक दिसंबर को समाप्त हो गया। माना जाता है कि गाजा में अभी भी 100 से अधिक बंधक हमास के पास हैं।

# चीन, अमेरिका नशीली दवाओं के खिलाफ सहयोग बढ़ाने पर सहमत



**बैंकॉक,एजेंसी।** चीन और अमेरिका नशीली दवाओं के खिलाफ सहयोग पर एक संयुक्त कार्य समूह शुरू बनाने पर सहमत हुए हैं। इस वसंत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर चीन-अमेरिका अंतरसरकारी संवाद तंत्र की पहली बैठक होगी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान का विस्तार करने के लिए और कदम उठाये जायेंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के विदेश मामलों के आयोग कार्यालय के निदेशक वांग यी ने शुक्रवार से शनिवार तक यहां अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के साथ नए दौर की वार्ता की।

# टेक्सास ने 1,02,000 से अधिक प्रवासियों को अन्य राज्यों में भेजा

वाशिंगटन, एजेंसी

दक्षिणी राज्य के क्षेत्र से अवैध प्रवासियों को हटाने के एक कार्यक्रम के तहत 1,02,000 से अधिक लोगों को अमेरिका के अन्य हिस्सों, ज्यादातर न्यूयॉर्क और शिकागो में भेजा है।टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने कहा, "टेक्सास ने अप्रैल 2022 से वाशिंगटन में 12,500 से अधिक प्रवासियों को पहुंचाया है। अगस्त 2022 से न्यूयॉर्क शहर में 37,500 से अधिक प्रवासियों को तथा अगस्त 2022 से शिकागो में 31,200 से अधिक प्रवासियों को पहुंचाया गया है।"

कार्यालय ने कहा कि इसके अलावा 16,000 से अधिक प्रवासियों को डेनवर, 3,400 से अधिक को फिलाडेल्फिया और 1,500 से अधिक को लॉस एंजिल्स भेजा गया। कार्यालय ने कहा कि सीमा सुरक्षा प्रयास के हिस्से के रूप में, जिसे ऑपरेशन लोन स्टार कहा जाता है, टेक्सास के अधिकारी स्वतंत्र रूप से अवैध ड्रग फेंटेनाइल की 45.4 करोड़ से अधिक घातक खुराक जब्त करने और लगभग पांच लाख प्रवासियों को पकड़ा गया।



टेक्सास के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने रिकॉर्ड संख्या में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को रोकने के प्रयास में मेक्सिको के साथ राज्य की सीमा पर कांटेदार तार की बाड़ लगा दी। राज्य ने बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की हिरासत,अभियोजन और कारावास जैसे कदम भी उठाए।

सोमवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सीमा गश्ती एजेंटों को टेक्सास द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाने की अनुमति देने के लिए एक अस्थायी आदेश जारी किया।अगले दिन होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के जनरल काउंसिल जोनाथन मेयर ने टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन को एक पत्र भेजा जिसमें अनुरोध किया गया कि राज्य शुक्रवार तक सीमा स्थलों तक संघीय पहुंच की पुष्टि करे।दिसंबर 2023 में अमेरिका ने दक्षिणी सीमा पर रिकॉर्ड 302,000 प्रवासियों का दस्तावेजीकरण किया, जो एक महीने में सबसे अधिक संख्या है।इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा देश का नेतृत्व करने के सभी तीन वर्षों में अवैध लोगों की रिकॉर्ड संख्या दर्ज की गई है।

# मछली पकड़ने वाली नाव डूबने के बाद दो लापता

सोल, एजेंसी

दक्षिण कोरिया के दक्षिणी रिज़ॉर्ट द्वीप जेजू के पास मछली पकड़ने वाली एक छोटी नाव के डूबने से चालक दल के तीन सदस्यों में से दो लापता हो गए।योनहाप समाचार एजेंसी ने रविवार को तट रक्षक के हवाले से बताया कि जेजू समुद्री यातायात नियंत्रण केंद्र को शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 9:52 बजे सूचना मिली कि 4.11 टन की मछली पकड़ने वाली नाव द्वीप से लगभग 18.5 किमी दक्षिण में पानी में डूब रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, जब तट रक्षक दल घटनास्थल पर पहुंचे तो नाव डूब चुकी थी। नाव पर एक दक्षिण कोरियाई कप्तान और दो इंडोनेशियाई नाविक सवार थे, जिनमें से एक को समुद्र में डूबते समय पास की मछली पकड़ने वाली नाव ने बचा लिया था।बचाए गए नाविक को हाइपोथर्मिया से पीड़ित होने के कारण इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।



तट रक्षक दल, नौसेना और मछली पकड़ने वाली नौकाओं के सहयोग से 10 गश्ती नौकाओं और बचाव दल को बचाव कार्य में लगाया लेकिन चालक दल के किसी अन्य सदस्य को बचाया नहीं जा सका।एजेंसी ने बताया कि तट रक्षक दल ने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।


**सम्मान** | **700 करोड़ लागत, 27 एकड़ क्षेत्र में फैला, 14 फरवरी को PM मोदी करेंगे उद्घाटन**

# UAE में 6 साल में पूरा हो रहा पहला मंदिर

अबूधाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के अबू धाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर बनाने का काम अब पूरा होने वाला है। इस मंदिर (BAPS) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। हिंदू मंदिर का निर्माण अबू धाबी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा।



अबू धाबी में मंदिर का निर्माण आखिरी दौर में है। 700 करोड़ की लागत वाले इस मंदिर में लोहे या स्टील का इस्तेमाल नहीं किया गया है। वॉलंटियर योगेश ठक्कर ने बताया कि स्तंभ से लेकर तक छत तक नक्काशी की गई है। 700 कंटेनरों में 20 ज्यादा टन से ज्यादा पत्थर, संगमरमर भारत से भेजा गया। मंदिर में 10 हजार लोग आ सकते हैं। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाती हैं। यह मंदिर UAE की सद्भाव और सह-अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।

BAPS स्वामीरायण संस्था के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख ब्रह्मविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित BAPS होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है।

मंदिर के गेट पर रेत के टीले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है।

गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दर्शाते हैं। मंदिर की मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं। वहीं, मंदिर के दाईं ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी।

मंदिर में सात शिखर हैं, जो UAE के सात एमिरेट्स को दर्शाते हैं। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगन्नाथ यात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में 3डी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

# आलू से झटपट बनाकर देखें ये चार टेस्टी स्नैक्स



आलू को सब्जियों का राजा वैसे ही नहीं कहा जाता है। इससे आप कई तरह की डिशेज बनाकर तैयार कर सकते हैं। पोटैशियम मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटामिन्स का ये अच्छा सोर्स है।

अक्सर जब खाने में क्या बनाएं ये समझ नहीं आता है तो आलू की मदद से आप कुछ न कुछ बना ही सकते हैं। इसका दबदबा इंडियन घरों में काफी ज्यादा है। तो आइए जानते हैं आलू की मदद से बनाए जाने वाले चार टेस्टी स्नैक्स के बारे में।

**आलू वेजेज :**

चाय के साथ ये एक बढ़िया ऑप्शन होता है। आलू वेजेज बनाने के लिए आपको आलू, थोड़े मिर्च मसाले और पसंद के मुताबिक सब्जियां ही लेनी है। स्वाद बढ़ाने के लिए इन्हें ऑरिगेनो या चिली फ्लेक्स की मदद से भी रेडी कर सकते हैं।

**चिली पोटेटो :**

इसे भी स्पाइसी डिश के तौर पर बेस्ट ऑप्शन माना जाता है। इसे तैयार करने के लिए आपको चाहिए होगा थोड़ा कॉर्नफ्लोर, मिर्च मसाले, अदरक-लहसुन का पेस्ट, सोया सॉस, केचप और चिली सॉस। बच्चे अक्सर इसे चाव से खाते हैं।

**सूजी पोटैटो बाइट्स :**

स्वाद के साथ-साथ हेल्थ का भी ध्यान रखना है तो सूजी पोटैटो बाइट्स बना सकते हैं। इसके लिए आपको चाहिए होंगे उबले हुए आलू, सूजी, कटी हुई प्याज, गाजर या अपनी मनपसंद सब्जी और कॉर्न।

**बेक्ड मैक्सिकन आलू :**

अगर आप आलू की एक जैसी सब्जी खाकर बोर हो गए हैं तो ट्राई कर सकते हैं बेक्ड मैक्सिकन आलू।

इसके लिए आपको चाहिए होंगे आलू, शिमला मिर्च, लहसुन और कुछ सब्जियां। इसे आप ड्राई या ग्रेवी, दोनों तरीकों से तैयार कर सकते हैं।

# विश्व का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला

एक अनोखा अंतर्राष्ट्रीय शिल्प उत्सव, सूरजकुंड मेला 2024 दुनिया भर के कलाकारों के लिए अपनी संस्कृति और प्रतिभा दिखाने का एक मंच है। हर साल सूरजकुंड में हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में हर उम्र के पर्यटकों के लिए कई अनोखे आकर्षण हैं। दक्षिण एशिया, अफ्रीका और यूरोप के 20 से अधिक देश इस मेले को बड़ी सफलता बनाने में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इस साल सूरजकुंड मेला 2024 थीम राज्य गुजरात है। हालांकि, यहां आपको हर राज्य की चीजें और कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। यहां आपको हैंड पेंटिंग्स से लेकर छोटी-बड़ी घर में इस्तेमाल होने वाली कई चीजें मिलेंगी। साथ ही आप 20 देशों से आई अलग-अलग चीजों को खरीद सकते हैं। तो, जानते हैं यहां कैसे और कब पहुंचे।

**2 फरवरी से शुरू हो रहा है सूरजकुंड मेला**

सूरजकुंड मेला 2 फरवरी से शुरू हो रहा है और ये 18 फरवरी तक चलने वाला है। ये मेला सुबह के 10 बजे लेकर 7 बजे शाम तक लगा रहा है। शनिवार और रविवार को इस मेले में जाने के लिए आपको 180 रु की टिकट लेनी होगी तो,वहीं वाकेंड्स पर ये 200 रुपये।

यहां घूमने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की नहीं है जरूरत! वादियों में रहने का होगा अहसास

सूरजकुंड मेले का टिकट कहां मिलेगा सूरजकुंड मेले की टिकट आपको ऑनलाइन भी मिल सकता है। वहां जाकर भी आप टिकट खरीद सकते हैं।




अयोध्या क्यों बन गई वहां के निवासियों के लिए भूल-भुलैया, खबर पढ़ आप भी हो जाएंगे हैरान

सूरजकुंड मेला कैसे जाएं?

सूरजकुंड मेले में जाने के लिए आपको मेट्रो की मदद से फरीदाबाद पहुंचना है जहां से आपको सूरजकुंड के लिए मिनी बसें मिल जाएंगी। यहां से हर आधे घंटे पर सूरजकुंड के लिए बस जाती है। इसके अलावा अगर आप अपनी गाड़ी से आते हैं तो मेले में पार्किंग के लिए 11 स्थल तय किए गए हैं। तो, इस वीकेंड घर बैठकर अपना समय बर्बाद न करें और इसे मेले में घूम आएं। इस मेले में आपको खाने पीन से लेकर संगीत, नृत्य, झूले, कपड़े और खूबसूरत सामान जो कि किसी विशेष राज्य और देश से संबंध रखते हैं यहां से खरीद सकते हैं। साथ ही यहां घूमना आपको अच्छा अनुभव दे सकता है।

# विटामिन ई से बनाएं 3 तरह की फेस सीरम

त्वचा देखकर उम्र का अंदाजा लग जाता है, लेकिन कुछ लोगों की त्वचा देखकर आप उम्र के बारे में कुछ भी पता नहीं कर सकते हैं। इसके लिए स्किन की सही देखभाल और डाइट जरूरी है। जब आपकी स्किन लंबे समय तक हाइड्रेट रहती है तो एजिंग का असर भी देर से आता है। त्वचा की सही देखभाल के लिए सीरम का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे स्किन स्वस्थ, ग्लोइंग और चमकदार बनी रहती है। खासतौर से सर्दियों में स्किन का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। अगर आप भी लंबे समय तक जवान बने रहना चाहते हैं तो आज से ही त्वचा पर सीरम का इस्तेमाल करना शुरू कर दें। विटामिन ई की मदद से आप घर में आसानी से सीरम बना सकते हैं। स्किन टाइप और मौसम के हिसाब से घर में DIY सीरम बनाने का तरीका।



घर पर बनाए DIY सीरम (Home Maid Serum)

विटामिन ई के 3-4 कैप्सूल और 2 चम्मच एलोवेरा जेल लेकर मिक्स कर लें। अब इसमें करीब 2 चम्मच गुलाबजल मिला लें। सारी चीजों को स्पून की मदद से मिक्स कर लें। अब चेहरे को साफ करके सीरम लगा लें। इसे रातभर लगा रहने दें या फिर सूखने के आधा घंटे बाद पानी से धो लें।

चेहरे को चमकाना चाहते हैं तो विटामिन सी और विटामिन ई को मिलाकर सीरम बना लें। इसके लिए 2 विटामिन सी के कैप्सूल और 1 विटामिन ई कैप्सूल लें। इसमें 2 चम्मच गुलाब जल, 1 चम्मच ग्लिसरीन और 1 स्पून एलोवेरा जेल मिला लें। इसे मिस्क करके फेस पर अप्लाई करें। रात में इस सीरम को सोने से पहले लगा लें।

घर पर विटामिन ई और डिस्टिल्ड वाटर की मदद से सीरम बना सकते हैं। ये काफी असरदार सीरम होता है। इसके लिए 4 विटामिन ई के कैप्सूल, 1 चम्मच डिस्टिल्ड वाटर और 1 चम्मच एलोवेरा जेल लेकर मिक्स कर लें। इस सीरम को फेस को क्लीन करके अप्लाई कर लें। हल्की हाथों से मसाज करते हुए इसे लगाएं।

# फेड रिजर्व के फैसले पर रहेगी बाजार की नजर...

## मिलेजुले रुख

- **बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल गिरी**

मुंबई, एजेंसी

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग और टेक कंपनियों में हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों को लेकर होने वाले फैसले पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 982.56 अंक अर्थात 1.4 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 70700.67 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 269.8 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21352.60 अंक पर आ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 458.48 अंक अर्थात 1.2 प्रतिशत लुढ़ककर 37746.29 अंक और स्मॉलकैप 76.95 अंक यानी 0.2 प्रतिशत उतरकर 44363.74 अंक रह गया।विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजार के मिश्रित रुझान के बीच आईटी और बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार में गिरावट देखी गई। भारत के पीएमआई मजबूत आंकड़ों के बावजूद बाजार को तेजी के लिए संघर्ष करना पड़ा। यह गिरावट यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के आसन्न दर निर्णयों के बारे में आशंकाओं के कारण थी।

अगले सप्ताह 30-31 जनवरी को फेड रिजर्व की होने वाली नीतिगत बैठक में ब्याज की मौजूदा दरों को यथावत बनाए रखने की संभावना से अमेरिकी बांड यील्ड में तेजी और बाजार में एफआईआई की बिकवाली हो सकती है। हालांकि अमेरिका में जारी मज़बूत पीएमआई आंकड़ों के बीच सभी की निगाहें अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और बेरोजगारी के आंकड़ों पर हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और संभावित नीतिगत दरों पर होने वाले निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। विशेष रूप से विकास और वित्तीय तरलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीबीओसी की आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती ने बीते सप्ताह घरेलू बाजार को अल्पकालिक समर्थन किया। हालांकि निवेशक चीन की व्यापक प्रोत्साहन योजनाओं पर अतिरिक्त विवरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जीओजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बीते सप्ताह ऊंचे भाव, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों और मध्य-पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाजार बढ़त बनाए रखने में असमर्थ रहा। साथ ही मासिक वायदा सौदा निपटान का भी बाजार पर असर रहा। अगले सप्ताह प्रमुख देशों के नीतिगत दरों पर निर्णय जैसे वैश्विक कारकों पर बाजार की नजर रहेगी।

बीते सप्ताह 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर महाराष्ट्र सरकार के अवकाश की घोषणा और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इन तीन दिनों में एक दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही।




विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के शेयरों के छह प्रतिशत से अधिक तक लुढ़कने से मंगलवार को सेंसेक्स 1053.10 अंक का गोता लगाकर एक महीने के निचले स्तर 70,370.55 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 333 अंक लुढ़ककर 21,238.80 अंक पर रहा।

चीन की सरकार के बाजार को समर्थन देने के लिए नई पेशकश किए जाने की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और कमोडिटीज समेत 19 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 689.76 अंक की तेजी लेकर 71,060.31 अंक और निफ्टी 215.15 अंक उछलकर 21,453.95 अंक हो गया।वहीं, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के कमजोर परिणाम के दबाव में टेक महिंद्रा के छह प्रतिशत से अधिक लुढ़कने से गुरुवार को सेंसेक्स 359.64 अंक का गोता लगाकर 70,700.67 अंक और निफ्टी 101.35 अंक टूटकर 21,352.60 अंक रह गया।

# फरवरी में 11 दिन बैंक शाखाओं में नहीं होगा काम!

- **आरबीआई के अनुसार इन तिथियों को बंद रहेंगे बैंक**

नई दिल्ली, एजेंसी

### ऑनलाइन से ग्राहक निपटा सकेंगे अपना काम

**भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के मुताबिक, सभी राज्यों की बैंक छुट्टियां स्थानीय मान्यताओं और पर्व त्योहारों के आधार पर अलग-अलग दिनों को होती है। आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर इन छुट्टियों की पूरी लिस्ट दी जाती है। जिसमें राज्यों के हिसाब से अलग त्योहारों पर मिलने वाली छुट्टियों का पूरा ब्यौरा दिया होता है। इन छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन बैंकिंग की सुविधा जारी रहती है, ऐसे में ग्राहकों का काम चलता रहता है।**

साल 2024 का पहला महीना यानी जनवरी खत्म होने वाला है। फरवरी महीने की शुरुआत होने वाली है। 2024 लीप वर्ष है इसलिए इस बार फरवरी महीना 29 दिनों का है। बैंक छुट्टियों की बात करें तो फरवरी महीने में 11 दिन बैंक शाखाओं पर विभिन्न छुट्टियों के कारण काम नहीं होगा। ऐसे अगर आपको फरवरी के महीने में बैंक से जुड़ा ऐसा कोई काम है, जिसे शाखा पर जाकर ही निपटाया जा सकता है तो बचे 18 दिनों में ही निपटाना पड़ेगा। आइए जानते हैं फरवरी महीने में पड़ने वाली बैंक छुट्टियों के बारे में।

**4, 10 और 11 फरवरी:** फरवरी महीने की पहली छुट्टी 4 तारीख को रहेगी, क्योंकि इस दिन रविवार है। इस दिन पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। इसके बाद 10 फरवरी को दूसरा शनिवार होने के कारण बैंकों में छुट्टी रहेगी। 11 फरवरी को रविवार होने के कारण देशभर में फिर बैंक बंद रहेंगे। 10 फरवरी को लोसर का त्योहार भी है, जो गंगटोक में मनाया जाता है।

**14, 15 और 18 फरवरी:** बसंत पंचमी यानी सरस्वती पूजा भी फरवरी में मनाई जाएगी। ऐसे में कुछ जगहों पर इस दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। इस साल बसंत पंचमी 14 फरवरी को है। इस दिन पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और उड़ीसा में बैंकों में छुट्टी रहेगी। इसके अलावा 15 फरवरी को लुई-न्गाई-नी के कारण मणिपुर में बैंक बंद रहेंगे और 18 फरवरी को रविवार होने के कारण देशभर के बैंक बंद रहेंगे।

**19, 20 और 24 फरवरी:** 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी जयंती है। 20 के दिन स्टेट डे के होने के कारण अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में बैंकों की छुट्टी रहेगी। 24 को चौथा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे।

**25 और 26 फरवरी:**25 फरवरी को रविवार होने के कारण देशभर के बैंकों में छुट्टी रहेगी। 26 फरवरी के दिन अरुणाचल प्रदेश में न्योकुम होने के कारण बैंकों की छुट्टी रहेगी। बाकी जगहों पर बैंक खुले रहेंगे।

# अधिकांश खाद्य तेलों में टिकाव

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 65 रिंगिट उबलकर 4020 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.31 सेंट की गिरावट के साथ 46.60 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सूरजमुखी तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19633 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10989 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8000 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

सप्ताहांत पर चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 11500-11600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे स्थिर रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4550-4650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## मस्क बोले | पेशेंट की रिकवरी बेहतर; पैरालिसिस का मरीज चल-फिर सकेगा, दृष्टिहीन देख पाएंगे...

# न्यूरालिंक ने इंसानी दिमाग में चिप लगाई

नई दिल्ली, एजेंसी

टेस्ला के मालिक एलन मस्क के स्टार्टअप न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में सर्जरी के जरिए चिप इम्प्लांट की है। यह डिवाइस एक छोटे सिक्के के आकार की है, जो ह्यूमन ब्रेन और कंप्यूटर के बीच सीधे कम्युनिकेशन चैनल बनाएगा।

अगर ह्यूमन ट्रायल कामयाब रहा तो चिप के जरिए दृष्टिहीन लोग देख पाएंगे। पैरालिसिस के मरीज चल-फिर और कंप्यूटर चला सकेंगे। कंपनी ने चिप का नाम 'लिंक' रखा है। मस्क ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, 'पहले इंसान में हमारी कंपनी न्यूरालिंक ने डिवाइस इम्प्लांट की। पेशेंट अच्छी तरह से रिकवर कर रहा है। शुरुआती रिजल्ट आशाजनक हैं।'

एलन मस्क ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, 'इस डिवाइस के जरिए आप सोचने मात्र से फोन, कंप्यूटर और इनके जरिए किसी भी अन्य डिवाइस को कंट्रोल कर पाएंगे। शुरुआती यूजर वो होंगे जिनके लिंब्स यानी अंगों ने काम करना बंद कर दिया है।'

मस्क ने कहा, इमेजिन करें अगर स्टीफन हॉकिंग होते, तो इस डिवाइस की मदद से एक स्पीड टाइपिस्ट या नीलामीकर्ता की तुलना में ज्यादा तेजी से कम्यूनिकेट कर पाते।

सितंबर 2023 में मस्क की ब्रेन-चिप कंपनी न्यूरालिंक को अपने पहले ह्यूमन ट्रायल के लिए इंडिपेंडेंट इंस्टीट्यूशनल रिव्यू बोर्ड से रिक्रूटमेंट की मंजूरी मिल मिली थी। यानी मंजूरी के बाद न्यूरालिंक ह्यूमन ट्रायल के लिए लोगों की भर्ती कर कर उन पर इस डिवाइस का ट्रायल करेगा।



न्यूरालिंक के मुताबिक, ट्रायल उन लोगो पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (ALS) के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है। इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र मिनिमम 22 साल होनी चाहिए। स्टडी को पूरा होने में करीब 6 साल लगेंगे। इस दौरान पार्टिसिपेंट को लैब तक आने-जाने का ट्रैवल एक्सपेंस मिलेगा।

ट्रायल के जरिए कंपनी यह देखना चाहती है कि डिवाइस मरीजों पर कैसे काम कर रही है। मई में कंपनी को ट्रायल के लिए यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) से मंजूरी मिली थी।

न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है जिसे ट्लिंकट्ट नाम दिया गया है। ये डिवाइस कंप्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी (न्यूरल इम्पल्स) से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। उदाहरण के लिए, पैरालिसिस से पीड़ित व्यक्ति मस्तिष्क में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल यह सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे कि वे इसे कैसे मूव करना चाहते हैं।

न्यूरालिंक ने कहा, हम पूरी तरह से इम्प्लांटेबल, कॉस्मैटिक रूप से अदृश्य ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस डिजाइन कर रहे हैं, ताकि आप कहीं भी जाने पर कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस को कंट्रोल कर सकें। माइक्रोन-स्केल थ्रेड्स को ब्रेन के उन क्षेत्रों में डाला जाएगा जो मूवमेंट को कंट्रोल करते हैं। हर एक थ्रेड में कई इलेक्ट्रोड होते हैं और उन्हें ट्लिंकट्ट नामक इम्प्लांट से जोड़ता है।

कंपनी ने बताया कि लिंक पर थ्रेड इतने महीन और लचीले होते हैं कि उन्हें मानव हाथ से नहीं डाला जा सकता। इसके लिए कंपनी ने एक रोबोटिक प्रणाली डिजाइन की है जिससे थ्रेड को मजबूती से और कुशलता से इम्प्लांट किया जा सकता है। इसके साथ ही न्यूरालिंक ऐप भी डिजाइन किया गया है ताकि ब्रेन एक्टिविटी से सीधे अपने कीबोर्ड और माउस को बस इसके बारे में सोच कर कंट्रोल कर सकते हैं।

डिवाइस को चार्ज करने की भी जरूरत होगी। इसके लिए कॉम्पैक्ट इंडक्टिव चार्जर डिजाइन किया गया है जो बैटरी को बाहर से चार्ज करने के लिए वायरलेस तरीके से इम्प्लांट से जुड़ता है।

एलन मस्क ने जिस टेक्नोलॉजी के जरिए चिप बनाई है उसे ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस या शॉर्ट में BCIs कहा जाता है। इस पर कई और कंपनियां भी सालों से काम कर रही है। ये सिस्टम ब्रेन में रखे गए छोटे इलेक्ट्रोड का इस्तेमाल पास के न्यूरॉन्स से संकेतों को ट्पढ़नेट्ट के लिए करता है। इसके बाद सॉफ्टवेयर इन सिगनल्स को कमांड या एक्शन में डिकोड करता है, जैसे की कर्सर या रोबोटिक आर्म को हिलाना।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)